Title: Need to withhold the proposed military exercise at Netrahat Field Firing Range from 05.01.2005.

डॉ. धीरेन्द्र अग्रवाल (चतरा) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री को कहना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र नेत्राहाट फील्ड फायरिंग रेंज में वहां के लोगों की एक समस्या है। मेरा संसदीय क्षेत्र पिछड़ा इलाका है। वहां आदिवासियों और दलितों की संख्या बहुत ज्यादा है। वहां गरीब लोग रहते हैं। फील्ड फायरिंग रेंज के कारण वहां के लोगों में पलायन की स्थिति पैदा होती जा रही है। पूर्व में वहां जब भी अभ्यास हुए â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Hon. Member, it is not permitted to walk between the line of the Member on his legs and the Chair. Please do not do it in future.

डॉ. धीरेन्द्र अग्रवाल : पूर्व में वहां जब भी अभ्यास हुए, उसके बाद जो गोला-बारूद रह जाते हैं, उनसे कई लोग अपंग हो जाते हैं। वहां की दलित और आदिवासी लोगों की यह मांग है कि फील्ड फायरिंग रेंज को हमेशा-हमेशा के लिए वहां से खत्म करके कहीं और ले जाया जाए। वह पहाड़ी इलाका है और इस

तरह के अभ्यास से वहां प्रदूषण फैलता है। यहां रक्षा मंत्री जी मौजूद हैं। वहां 5 जनवरी से पुनः अभ्यास शुरू होने वाला है जिस के कारण लोगों में भय और दहशत फैला हुआ है। उस अभ्यास को रोका जाए और फील्ड फायरिंग रेंज को हमेशा-हमेशा के लिए वहां से हटा दिया जाए।

अध्यक्ष महोदयः श्री हंसराज अहीर - अनुपस्थित